दिन—गुरूवार दिनांक— 12 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के उनतीस अधिकारियों का तबादला किया। पटना के सभी सिटी एसपी समेत पन्द्रह जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गये।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को जमशेदपुर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे।

03. हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा— पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ मिलकर लड़ेगी।

04. और, सीपीआई, एम के महासचिव सीताराम येचुरी का बहत्तर वर्ष की आयु में निधन। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जतायी गहरी संवेदना।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के उनतीस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पटना के सभी सिटी एसपी समेत पन्द्रह जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिये गये हैं। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। ब्यौरे के साथ है हमारे संवाददाता।

———बाईट———

गृह विभाग की जारी अधिसूचना के अनुसार कार्तिकेय के. शर्मा को पूर्णियां का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्र अब समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालेंगे। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात पूर्वी चम्पारण के और जमुई के पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन पश्चिम चम्पारण के नये पुलिस अधीक्षक बनाये गये हैं। इसके अलावा साईबर अनुसंधान और अभियान में पदस्थापित वैभव शर्मा को कटिहार के पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गयी है। पटना ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार रोहतास, मुजफ्फरपुर के नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित गोपालगंज और पटना के नगर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी भारत सोनी नालंदा के नये पुलिस अधीक्षक बनाये गये हैं। वहीं, भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज को भोजपुर तथा पटना के नगर पुलिस अधीक्षक, मध्य चन्द्र प्रकाश को जमुई का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। अभिनव धीमान नवादा, शुभम आर्य बक्सर और अजय कुमार लखीसराय के नये पुलिस अधीक्षक बनाये गये हैं। इसके अलावा औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम को बोधगया स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का समादेष्टा बनाया गया है। समाचार कक्ष से मैं समी अहमद।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों को पहली किस्त के रूप

में चालीस हजार रूपये की राशि हस्तांतरित करेंगे। इसी दिन योजना के तहत निर्मित आवासों के मालिकों को सांकेतिक रूप से आवास की चाभी भी सौंपी जायेगी।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

———बाईट———

प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि 70 वर्ष की आयु के ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजन के दायरे में लाया जाएगा और 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग जो चाहे वो गरीब हो, चाहे माध्यम वर्ग के हो, चाहे उच्च–मध्यम वर्ग के हो, ये नया दायरा होगा, जिनको पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी और इससे देश में करीब साढे चार करोड फैमिली, जिसमें करीब छह करोड सीनियर सिटीजन्स कवर होंगे।

———————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज ब्रजेश मेहरोत्रा और प्रकाश कुमार को राज्य के नये सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में श्री आर्लेकर ने दोनों नये सूचना आयुक्त को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा सूचना और जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा है कि रैयतों को जमीन के कागजात लेने के लिए निबंधन कार्यालय का चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि लोग जमीन संबंधी अपने दस्तावेज विभाग के डिजिटल प्लेटफार्म से ऑनलाईन डाउनलोड कर सकते हैं। इस प्लेटफार्म पर पन्द्रह करोड़ दस्तावेज अपलोड हैं।

———बाईट———

श्री सिंह ने भूमि सर्वेक्षण को लेकर चल रही अफवाहों के प्रति लोगों को आगाह किया। उन्होंने लोगों से किसी भी बहकावे में नहीं आने की अपील की।

———बाईट———

———————————————————————————

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, सेक्युलर ने झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रांची में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए सीटों

की पहचान कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करने के लिए पार्टी अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में एक बैठक होगी।

–––बाईट–––

हम चुनाव यहां लड़ेंगे, हमारा राष्ट्रीय अध्यक्ष एसेसमेंट करवा रहे हैं, कौन–कौन सीट पर हमको बनता है, उन सीटों के बारे में हम एनडीए से बातचीत करके एलायंस में हम लोग यहां चुनाव लड़ेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर मंथन जारी है। धनबाद के मैथन में आयोजित पार्टी की केन्द्रीय कमिटी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिश विफल करने के लिए गठबंधन के सभी दलों को एकजुट रहने की जरुरत है।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी के महासचिव सीताराम येचुरी का आज निधन हो गया। वे बहत्तर वर्ष के थे। पिछले उन्नीस अगस्त को सांस की नली में गम्भीर संक्रमण के बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। आकाशवाणी समाचार की एक श्रद्धांजलि।

–––बाईट–––

बारह अगस्त उन्नीस सौ बावन को चेन्नई में जन्मे सीताराम येचुरी ने वर्ष उन्नीस सौ चौहत्तर में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। वे वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी में शामिल हुये। सीताराम येचुरी जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में तीन बार छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये। वर्ष दो हजार पन्द्रह, दो हजार अठारह और दो हजार बाईस में उन्होंने सीपीआईएम के महासचिव का पद संभाला। वर्ष दो हजार पांच में वे पहली बार पश्चिम बंगाल से राज्यसभा के लिए चुनकर संसद पहुंचे। वर्ष दो हजार सत्रह में उन्हें राज्यसभा में सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत की वामपंथी राजनीति में सीताराम येचुरी को एक महत्वपूर्ण स्तम्भ के रूप में हमेशा याद किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से कामिनी ठाकुर।

सीताराम येचुरी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी संवेदना जतायी है। उनका पार्थिव शरीर शनिवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए रखा जाएगा। उनके परिवार ने चिकित्सीय अनुसंधान के लिए शरीर को एम्स को दान कर दिया है।

———————————————————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें मुम्बई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हृदय संबंधी दिक्कतों के बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री प्रसाद की स्थिति अभी स्थिर है।

———————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अंठानवे नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक चौवालीस नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार दो सौ अट्ठाईस मामले सामने आ चुके हैं। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————————————————

सात निश्चय योजना के बेहतर कार्यान्वयन को लेकर बिहार विकास मिशन ने जिलों की रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में अररिया जिला पहले स्थान पर है जबकि मधुबनी जिले को इस सूची में सबसे अंतिम स्थान मिला है।

———————————————————————————————

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के कार्यान्वयन में बक्सर जिले को राज्यभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के उनतीस अधिकारियों का तबादला किया। पटना के सभी सिटी एसपी समेत पन्द्रह जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गये।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को जमशेदपुर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे।

03. हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा– पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ मिलकर लड़ेगी।

04. और, सीपीआई, एम के महासचिव सीताराम येचुरी का बहत्तर वर्ष की आयु में निधन। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जतायी गहरी संवेदना।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।